## दिनांक 11–11–2022 को आयुक्त, बरेली मण्डल, बरेली की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त :–

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 11–11–2022 को मण्डल स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यक्रमों के सम्बन्ध में चर्चा की गयी, जिसमें उपस्थित मण्डल स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अध्यवधिक प्रगति प्रस्तुत की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये :–

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बरेली / पीलीभीत।
2. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), शाहजहाँपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बदायूं।
4. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, पीलीभीत।
5. ए0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लि0, शाहजहाँपुर।
6. ए0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लि0, बरेली।
7. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूं।

### FHTCs Target upto Dec, 2022 :–

क्रियाशील नल–जल संयोजन (FHTC) के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2022 हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष आलोच्य अवधि तक मण्डल की प्रगति 51.45 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गयी है। जिसमें जनपद बरेली–107553 के सापेक्ष 55748 (51.83%), पीलीभीत–70031 के सापेक्ष 23972 (34.23%), बदायूं– 66416 के सापेक्ष 38106 (57.37%) एवं शाहजहाँपुर–109182 के सापेक्ष 63894 (58.52%) नग गृह संयोजन पूर्ण कराये गये है, जिसमें जनपद पीलीभीत की सबसे खराब प्रगति पायी गई, जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा रोष व्यक्त किया गया, जिसके कम में अधिशासी अभियन्ता, पीलीभीत द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म को प्रगति बढायें जाने हेतु निरन्तर पत्र / मौखिक रूप से निर्देश दिये जा रहे है एवं जिलाधिकारी द्वारा भी फर्म के कार्यो में कोई सुधार दर्शित न होने की दशा में उच्चाधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है, परन्तु कोई सुधार परिलक्षित नहीं हो रहे है, जिसके कम में अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देश दिये जाते है कि जनपद पीलीभीत में चयनित फर्म कार्यो की प्रगति में सुधार न करने के कारण फर्म को ब्लैक लिस्ट कराये जाने हेतु पत्रालेख पत्रावली अधोहस्ताक्षरी के समक्ष तैयार कर प्रस्तुत करें। माह दिसम्बर तक लक्षित गृह संयोजन को निश्चित् समय में पूर्ण किये जाने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जनपद शाहजहाँपुर एवं बरेली को निर्देश दिये गये। जल सर्वेक्षण में aspirant की श्रेणी से performer की श्रेणी में जाने के प्रयास किये जाये एवं मार्किंग प्रणाली का अध्ययन कर प्रयास किया जाने की कहाँ–कहाँ संख्या बढाई जा सकती है, जिससे संख्या में सुधार किया जा सकें, जिस हेतु अधिशासी अभियन्ता, शाहजहाँपुर को निर्देश दिये गये है कि उक्त कार्य का अध्ययन कर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराये, जिसके उपरान्त अधोहस्तक्षरी द्वारा वी0सी0 के माध्यम से मार्गदर्शन प्रदान किये जायेंगे।

### Land Availability :-

योजनान्तर्गत भूमि उपलब्धता की समीक्षा में पाया गया कि फेज–2 के अन्तर्गत 41 एवं फेज–3 के अन्तर्गत 243 मण्डल में कुल 284 गांवों में अभी भी भूमि अन–उपलब्ध है। जिसमें जनपद बरेली–1702 (94.97%), पीलीभीत–1143 (94.30%), बदायूं–1336 (92.39%) एवं शाहजहाँपुर–2018 (99.26%) नग भूमि उपलब्ध है। जिसमें सबसे कम प्रगति

P.N.New/1544

जनपद बदायुं की है। जिस हेतु अवगत कराया गया कि विवादित भूमि एवं मानक के अनुसार भूमि प्राप्त न होने के कारण कार्य की प्रगति बाधित हो रही है। जिस हेतु निर्देश दिये गये कि अवशेष भूमि को सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर 01 सप्ताह में प्राप्त कर कार्यवाही आगे बढ़ायें।

## DPR Approved From DWSM :-

DWSM में DPR के अनुमोदन कराये जाने की प्रगति भी 64.97 प्रतिशत है। प्राप्त कुल 6199 नग ग्रामों में भूमि के सापेक्ष 4028 नग ग्रामों की डी0पी0आर0 तैयार कर प्रस्तुत की गयी है, जिसके सापेक्ष बरेली–1702 ग्रामों के सापेक्ष 1328 नग ग्रामों की डी0पी0आर0 (78.02%), पीलीभीत–1143 ग्रामों के सापेक्ष 910 नग ग्रामों की डी0पी0आर0 (79.61%), बदायूं–1336 ग्रामों के सापेक्ष 682 नग ग्रामों की डी0पी0आर0 (51.04%) एवं शाहजहाँपुर–2018 ग्रामों के सापेक्ष 1108 नग ग्रामों की डी0पी0आर0 (54.90%) डी0डब्लू0एस0एम0 द्वारा स्वीकृत करायी गयी है, जिसके सबसे कम प्रगति जनपद बदायूं की है। जिसके क्रम में अवगत कराया गया कि 114 नग ग्रामों में भूमि प्राप्त हुई है, जिसकी डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने हेतु फर्म को निर्देश दिये गये है, जिसके क्रम में फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि डी0पी0आर0 विरचन का कार्य प्रगति पर है एवं उपलब्ध भूमि के सापेक्ष समस्त डी0पी0आर0 10–15 दिवस के भीतर डी0डब्लू0एस0एम0 से स्वीकृति कराना सुनिश्चित् करें। अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम जनपदों की प्रगति में सुधार करायें तथा नियमित रूप से प्रगति से अवगत करायें।

(कार्यवाही– कार्यवाही अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम, बरेली मण्डल )

( संयुक्ता समद्दार )
आयुक्त,
बरेली मण्डल, बरेली।

# कार्यालय आयुक्त, बरेली मण्डल, बरेली।

पत्रॉक : / / दिनांक :

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी0, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. समस्त जिलाधिकारी, बरेली मण्डल।
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, बरेली मण्डल।
5. समस्त सम्बन्धित मण्डल स्तरीय अधिकारी/कार्यदायी संस्थायें, बरेली मण्डल।

आयुक्त,
बरेली मण्डल, बरेली।

P.N.New/1545